वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

# समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 फरवरी, 2024

अंक : 494


## श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला



कोयला खनन में विशेष योग्यता के लिए पहचाने जाने वाले श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने दिनांक 01.02.2024 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक का पदभार संभाला। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, सभी महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ अधिकारीगण ने श्री द्विवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इसके पूर्व श्री द्विवेदी वेकोलि मुख्यालय में निदेशक तकनीकी (संचालन) तथा निदेशक (कार्मिक) (अतिरिक्त प्रभार) के पद पर कार्यरत थे। श्री द्विवेदी को कोल माइनिंग उद्योग में 36 वर्षों से अधिक का दीर्घ अनुभव प्राप्त है। आई. आई. टी – बीएचयू, वाराणसी से खनन इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के पश्चात वर्ष 1986 में श्री द्विवेदी ने खनन अभियंता के रूप में कोल इंडिया में अपने करियर की शुरुआत की। वेकोलि में सेवाएँ देने से पूर्व, वें अपने कार्यकाल के दौरान, कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों एसईसीएल, ईसीएल तथा एनसीएल में भी सेवाएं दे चुके है। श्री द्विवेदी ने चीन, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका सहित भारत में कई खनन गतिविधियों के कार्यक्रमों में शिरकत की है। खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ अभियंता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। उनके इस दीर्घ अनुभव का वेकोलि को निश्चित ही लाभ मिलेगा।



## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से की सदिच्छा भेंट



माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से दिनांक 04.02.2024 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने सदिच्छा भेंट की। भेंट के दौरान श्री द्विवेदी ने माननीय मंत्री महोदय को वेकोलि के उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण आदि के विषय में जानकारी दी तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। माननीय मंत्री महोदय ने देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में वेकोलि के सकारात्मक सहयोग की प्रशंसा की।

## सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी रहे उमरेड क्षेत्र के दौरे पर



वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने दिनांक 03.02.2024 को उमरेड क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ उन्होंने मकरधोकडा-1, मकरधोकडा-3 तथा उमरेड खुली खदानों का निरीक्षण कर उत्पादन बढ़ाने हेतु समुचित निर्देश दिये। उन्होंने कर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए कोयला उत्पादन का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री मोहम्मद साबिर, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरूण कुमार श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, कॉलरी मैनेजर तथा अन्य अधिकारी, कर्मी गण उपस्थित थे।



## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी रहे नागपुर क्षेत्र के दौरे पर



वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने दिनांक 10.02.2024 को निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह के साथ नागपुर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने गोंडेगाँव खदान का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा के मापदंडों का कड़ाई से पालन करते हुए कोयला उत्पादन एवं प्रेषण बढ़ाने हेतु समुचित निर्देश दिए। यहाँ उन्होंने कर्मियों को सम्मानित भी किया। इस दौरे में उनके साथ महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट अफ़ेयर्स) तथा सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरूण कुमार श्रीवास्तव, नागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार, विभागाध्यक्ष, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, कॉलरी मैनेजर तथा अन्य अधिकारी, कर्मी उपस्थित रहे।



## वेकोलि को मिला गोल्डन पीकॉक इनोवेशन मैनेजमेंट अवार्ड 2023



कोयला खनन कार्य में नवाचार के प्रयोग के लिए वेकोलि को गोल्डन पीकॉक इनोवेशन मैनेजमेंट अवार्ड 2023 से नवाज़ा गया है। वेकोलि को, ई-सुर्विलेंस की दृष्टि से अपनाए गए 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी)' की पहल के लिए 'इनोवेशन मैनेजमेंट' की श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

आईसीसीसी के माध्यम से वेकोलि के सभी 10 क्षेत्रों में 24X7 निगरानी की जाती है। इसके जरिए सुरक्षा, पर्यावरण, डिस्पैच आदि जैसे विभिन्न कार्यों का भी निरीक्षण किया जाता है। आईसीसीसी में ए.आई./एम.एल. आधारित वीडियो विश्लेषण की सुविधा है, जो भीड़ और अतिक्रमण पहचान प्रणाली, एएनपीआर आदि जैसी सुविधाओं को शामिल करता है। आईसीसीसी के साथ ही, वेकोलि में जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली, आरआईडीएफ आधारित बूमबैरियर्स एवं वेब्रिज, ओसी खदानों की ड्रोन निगरानी आदि से भी सुर्विलेंस की जाती है।




## विप्स डब्लूसीएल को मिला 'सर्वोत्कृष्ट उद्यम अवार्ड'



फोरम ऑफ़ वुमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), डब्लूसीएल को वर्ष 2023 के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए मिनी रत्न कंपनियों की श्रेणी में 'सर्वोत्कृष्ट उद्यम अवार्ड' से नवाज़ा गया। यह पुरस्कार, दिनांक 12.02.2024 को हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड मैनेजमेंट अकादमी, बेंगलुरु में आयोजित, विप्स के 34 वे राष्ट्रिय सम्मेलन के दौरान, मैसूर की महारानी श्रीमती प्रमोदा देवी वाडियार के द्वारा प्रदान किया गया। विप्स डब्लूसीएल की ओर से अध्यक्षा (पश्चिम क्षेत्र) श्रीमती अनुपमा टेमुर्णीकर, कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुजाता सरमुकद्दम, को-कोऑर्डिनेटर श्रीमती मेधा हरदास, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति वर्मा, संयुक्त सचिव सुश्री पूजा शाह्दानी, कोषाध्यक्ष सुश्री वर्षा पुडके तथा सदस्यों ने ग्रहण किया।

पुरस्कार जीतने के उपरान्त, विप्स की टीम ने सीएमडी, डब्लूसीएल, श्री जे. पी. द्विवेदी से भेंट कर उन्हें अपने कार्यों की जानकारी दी। श्री जे. पी. द्विवेदी ने विप्स डब्लूसीएल को बधाई देते हुए उनके द्वारा वर्ष भर किए सकारात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने विप्स के सभी सदस्यों से अपना उत्कृष्ट कार्य जारी रखने को कहा।

इसी राष्ट्रिय सम्मेलन में डब्लूसीएल के उमरेड क्षेत्र में शोवेल ऑपरेटर के तौर पर कार्यरत सुश्री हर्षा भेदे को 'बेस्ट एम्प्लोई अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि विप्स डब्लूसीएल द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण के तारतम्य में अनेक कार्य किए गए है। इन में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता शिविर, रक्त दान शिविर, योगा शिविर, पोषण संबंधी जागरूकता, यूटेराइन कैंसर स्क्रीनिंग शिविर, महिला कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आदि का आयोजन शामिल है। इन कार्यों के साथ ही वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय योगदान, स्कूली बच्चों में सामग्री का वितरण, वुमनस डे, नर्सेज डे, मदर्स डे के उपलक्ष में कार्यक्रम जैसे अनेक कार्यों का भी समावेश है।

विप्स डब्लूसीएल को वर्षभर की गई श्रेष्ट गतिविधियों के लिए 'सर्वोत्कृष्ट उद्यम अवार्ड' प्राप्त होने से सभी में हर्ष व्याप्त है।

## वेकोलि मुख्यालय में निशुल्क एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर



वेकोलि मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में चिकित्सा विभाग और फोरम ऑफ़ वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (WIPS) के सयुंक्त तत्वावधान में दिनांक 06.02.2024 को 'Health Empowers Women' कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। लगभग 100 महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया। सत्र में डॉक्टर गुंजन लोने, सलाहकार, रक्तविकार विशेषज्ञ (हेमेटोलॉजिस्ट) ने उपस्थित सभी महिलाओं को एनीमिया संबंधी विस्तृत जानकारी दी तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आभा द्विवेदी तथा झंकार महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम के उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने चिकित्सा विभाग तथा विप्स की कार्यशैली की सराहना की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विप्स, वेस्टर्न रीजन की अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा टेमुर्णीकर ने किया। उक्त आयोजन में वेकोलि चिकित्सा विभाग की सीएमएस डॉ. (श्रीमती) सुजाता सरमुकद्दम तथा विप्स पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन विप्स की को-कोऑर्डिनेटर श्रीमती मेधा हरदास तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. (श्रीमती) माला कुमारी ने किया। कार्यक्रम में महिला कर्मी बड़ी संख्या में सहभागी रही।




WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।